दैनिक जागरण 03/11/2023

कम्यूनिकेशन स्किल एंड रिज्यूम राइटिंग पर वर्कशाप

कम्यूनिकेशन स्किल पर वर्कशाप आयोजित। • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, अंबाला : जीएमएन कालेज के प्रबंधन विभाग और वाणिज्य विभाग ने हिट्स बुल्स आई के साथ कोलैबोरेशन में एक दिवसीय वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस दौरान कम्युनिकेशन स्किल एंड रिज्यूम राइटिंग पर लेक्चर दिया गया। यह लेक्चर हिट्स बुल्स आई की तरफ से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शीतल, साफ्ट स्किल्स ट्रेनर रही। इसके अलावा सेंटर हेड अंबाला महक ने भी विद्यार्थियों को कम्युनिकेशन स्किल्स की खूबियां बताई। कालेज के प्रिंसिपल डा. रोहित दत्त ने भी विद्यार्थियों के साथ इस विषय पर अपनी जानकारी देते हुए कहा कि रिज्यूम राइटिंग स्किल के ज्ञान से अच्छी कंपनी में जगह हासिल की जा सकती है। इस वर्कशाप में लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बीबीए डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष डा. रवनीत कौर ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया और बच्चों को इस टापिक पर विचार विमर्श करने के लिए प्रेरित किया।